GIRL GUIDES VICTORIA
में आपका स्वागत है

110 से अधिक वर्षों से, Girl Guides Victoria लड़कियों और महिलाओं को अपने कौशल बढ़ाने, अपने सामर्थ्य की खोज करने और मार्गदर्शक बनने में सशक्त करती आई है। Girl Guides Australia और वैश्विक अभियान के भाग के तौर पर, हमने पूरे 150 देशों में 100 लाख से अधिक लड़कियों को एक-दूसरे से जोड़ा है, जिससे हमारे कार्यक्रम समृद्ध हुए हैं और ऐसे अनुभव साझा हुए हैं जो जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते हैं।

Girl Guides क्या करती है?

हमारे कार्यक्रम लड़कियों को अपने जीवन की जिम्मेदारी लेने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और अपने समुदायों से जुड़ने के लिए सशक्त बनाते हैं। हमारे समर्थक परिवेश में, लड़कियों को आवाज उठाने, अपनी रूचियों का अन्वेषण करने, और अपनी क्षमताओं में आत्म-विश्वास बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आउटडोर रोमांच और मजेदार STEM गतिविधियों से लेकर दूसरों की मदद करने और खुद के बारे में सीखने तक, गाइड्स कार्यक्रम में हर किसी के लिए कुछ न कुछ उपलब्ध है।

Girl Guides क्या वेशभूषा पहनती हैं

गाइड्स के लिए पोलो शर्ट और नेवी रंग के बॉटम के साथ-साथ अपने बैज प्रदर्शित करने के लिए एक सैश पहनना अनिवार्य है। वैकल्पिक वस्तुएँ जैसे कि हुडी, ऊनी कपड़े और टोपी आदि उपलब्ध हैं। सदस्य अपनी पोलो शर्ट के साथ सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील और व्यावहारिक वस्तुएं भी पहन सकते हैं, जैसे लंबी आस्तीन वाले टॉप, लंबी पैंट और सिर पर स्कार्फ।

Girl Guides में कौन भाग ले सकता है?

5-17 साल की लड़कियाँ Girl Guides से जुड़ सकती हैं और गाइड प्रोग्राम में भाग ले सकती हैं। हर लोकल युनिट में अलग-अलग आयु वर्ग हो सकते हैं, इसलिए अपने लोकल युनिट से जांच करके यह पता लगाएँ कि वे किन आयु-वर्गों को स्वीकार करते हैं।

Girl Guides का सुपरविज़न (पर्यवेक्षण) कौन करता है?

Girl Guide युनिट्स और गतिविधियों का संचालन स्वयंसेवियों की एक टीम द्वारा किया जाता है जिन्हें 'गाइड लीडर्स' कहते हैं। ग्रुप लीडर्स विश्वसनीय होती हैं और वे कुशल मार्गदर्शक होती हैं जो हर Girl Guide को शिक्षा देने, चुनौति देने और सहायता करने के लिए अपना समय देती हैं।

Girl Guides कब-कब मुलाकात करती हैं?

Girl Guide युनिट्स स्कूली टर्म के दौरान सोमवार से शुक्रवार, स्कूली कार्य-समय के पश्चात और शाम को मुलाकात करते हैं। गाइड्स शिविरों, भ्रमणों और साहसिक गतिविधियों में भाग लेने का विकल्प चुन सकती हैं, और साथ ही स्कूल अवकाश कार्यक्रम में भी भाग ले सकते हैं, जो पूरे वर्ष विभिन्न स्थानों पर मनोरंजन और रोमांच कार्यक्रम प्रदान करता है।

मैं Girl Guides से कैसे जुड़ सकती हूँ?

आपकी बच्ची गाइड्स से जुड़ने का फैसला लेने से पहले अधिकतम तीन मुलाकातों में भाग ले सकती है। ट्रायल शुरू करने के लिए, अपनी सबसे नजदीकी गाइड युनिट का पता लगाने और ट्रायल का अनुरोध करने के लिए वेबसाइट का प्रयोग करें। ट्रायल के बाद, बस Member Portal में रजिस्ट्रेशन फॉर्म पूरा करें और Girl Guide बनने के लिए भुगतान करें और मनोरंजन में भाग लें। और अधिक जानने के लिए QR कोड स्कैन करें या www.guidesvic.org.au पर जाएँ!